PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Fri, 09 Jun 2017, Page 1
Width: 25.60 cms, Height: 40.17 cms, a3, Ref: 38.2017-06-09.11



'ढाई मोर्चे पर जंग के लिए तैयार हैं हम'

पाक, चीन, कश्मीर पर बड़ा बयान

■ विस/एजेंसी, नई दिल्ली

थलसेना अध्यक्ष जनरल विपिन रावत ने कहा है कि इंडियन आर्मी ढाई मोर्चे पर युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। ढाई मोर्चे से उनका आशय चीन, पाकिस्तान और कश्मीर से था। आर्मी चीफ के इस बयान का नौसेना प्रमुख सुनील लांबा ने भी समर्थन करते हुए कहा कि सशस्त्र बल हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

दोनों सेना प्रमुखों का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों को मिलाकर बनी बॉर्डर एक्शन टीम (BAT) के हाल में एलओसी पर दो भारतीय सैनिकों का सिर कलम करने से रिश्तों में तल्खी बढ़ी हुई है। चीन के दो हेलिकॉप्टर भी उत्तराखंड के चमोली में घुस आए थे। कश्मीर में पत्थरबाजों का उपद्रव सेना का सिरदर्द पहले से बना हुआ है। हालांकि आर्मी चीफ रावत ने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना की तैयारियां किसी खास देश के खिलाफ नहीं हैं। सेना कई मोर्चों पर युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहती है। रावत के बयान पर नेवी चीफ सुनील लांबा से सबसे सीनियर सेना प्रमुख होने के नाते प्रतिक्रिया पूछी गई तो उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल यानी तीनों सेनाएं हर स्थिति से निपटने को तैयार हैं।

घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन

आर्मी ने नॉर्थ कश्मीर में पाकिस्तानी सेना की मदद से घुसपैठ की कोशिश कर रहे तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इस कार्रवाई में एक जवान शहीद हो गया। सेना पिछले दो दिन में गुरेज, माछिल, नौगाम और उड़ी सेक्टरों में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर चुकी है। उत्तरी कमान के मुताबिक, पाक आर्मी हेवी फायरिंग करके आतंकवादियों की मदद कर रही है। आतंकवादियों से भारी मात्रा में बरामद हथियार, गोला बारूद देखकर लगता है कि ये युद्ध जैसी तैयारी के साथ घुसपैठ का प्रयास कर रहे हैं। ▸▸ पेज 12

7 घुसपैठिए मारे गए LOC पर पिछले 48 घंटों में

22 कोशिशें नाकाम की जा चुकी हैं घुसपैठ की इस साल

34 हथियारबंद आतंकी मारे गए ऐसी कोशिश करते हुए



'डायर जैसा बताने पर फर्क नहीं'

इतिहासकार पार्थ चटर्जी द्वारा जलियांवाला बाग में नरसंहार करने वाले जनरल डायर से तुलना किए जाने पर आर्मी चीफ विपिन रावत ने कहा कि मैं आर्मी अफसर हूं, ऐसी बातों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। बता दें, चटर्जी ने एक कश्मीरी को सैनिकों द्वारा जीप से बांधे जाने पर यह तुलना की थी।